धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

मंगलवार 20.08.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 122

epaper.khabarmantra.net

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

स्पीड न्यूज

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी दोषी करार, सजा आज

**धनबाद।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म के एक मामले में आज सोमवार को धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने नामजद आरोपी निरसा सागर कुशवाहा को दोषी करार दिया है ।अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए मंगलवार की तारीख तय की है । प्राथमिकी पीड़िता के भाई की शिकायत पर कतरास थाने में 18 फरवरी 24 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक आरोपी सागर कुशवाहा पीड़िता को शादी की नीयत से पहले बहला फुसलाकर 17 फरवरी 24 को साथ ले गया था। आरोप है कि वह हमेशा पीड़िता को परेशान किया करता था । 16 फरवरी 24 को उसने पीड़िता को डरा धमका कर अपने पास बुलाया। उसे झरिया के एक क्वार्टर में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। सागर पीड़िता को लेकर कहीं जानेवाला था तभी धनबाद पुलिस ने उसे स्टेशन के पास से पकड़ लिया। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 15 अप्रैल 24 को सागर के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था। 12 मई को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी। अभियोजन ने सात गवाहों का परीक्षण कराया था।

## सेवा भारती ने बच्चों के साथ मनाया रक्षाबंधन



**धनबाद।** सेवा भारती के सदस्यों ने सोमवार को जयनगर में संचालित बाल संस्कार केन्द्र और सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र के बच्चों और बहनों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। सेवा भारती के महानगर सचिव आलोक प्रकाश ने बच्चों को रक्षाबंधन के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा समाज में संस्कार के साथ जागरुकता जरूरी है। बाल संस्कार केन्द्र की संचालक मंजू तिवारी और सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र की जुबनी देवी ने समिति के सदस्यों को राखी बांधी। बच्चों और बहनों ने भी एक दूसरे को राखी बांधकर सुखी जीवन की कामना की। इस अवसर पर बच्चों ने योग प्रदर्शनी भी की। अंत में महानगर अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद ने सभी बच्चों और बहनों के बीच मिठाई बांटी औरआशीर्वाद दिया।

## आर्थिक तंगी में युवक ने की आत्महत्या

**सिंदरी।** गोशाला ओपी अंतर्गत गोशाला टासरा हाड़ी कुल्ही बस्ती निवासी स्व राजाराम हाड़ी के 35 वर्षीय पुत्र मंटू हाड़ी ने आर्थिक तंगी के कारण सोमवार को दोपहर तीन बजे आत्महत्या कर ली। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि रक्षाबंधन पर्व के कारण सभी घर में खाना खा रहे थे। तभी वह एक कमरे में जाकर पत्नी की चुन्नी के सहारे पंखे से झूल गया। पत्नी को जब पता चला तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। वह दैनिक मजदूर था और तीन पुत्री व एक पुत्र का पिता भी था। परिवार की माली हालत ठीक नहीं थी। हालांकि पड़ोसियों का कहना है कि घरेलू विवाद के कारण उसने आत्महत्या की है। सूचना मिलने पर गोशाला ओपी पुलिस पहुंची और घटना की जानकारी ली। ओपी प्रभारी अनिल मंडल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया है।

# कोयलांचल में हर्षोल्लास से मना रक्षाबंधन का त्योहार

### लालमणि आश्रम में बुजुर्गों ने स्नेहपूर्वक मनाया रक्षा बंधन का त्योहार

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** भाई बहन का पवित्र त्योहार रक्षा बंधन टुंडी स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम एवं सबलपुर सहयोगी नगर स्थित वृद्धजनों के आश्रय स्थल ओल्ड एज होम में स्नेहपूर्वक मनाया गया। आश्रम की सभी बुजुर्ग महिलाओं ने बुजुर्ग पुरुषों और सेवा के लिए पहुंचे लोगों को राखी बांधकर हार्दिक आशीर्वाद दिया। आश्रम पहुंचने वाली महिलाओं ने भी बुजुर्गों को राखी बांधी। आश्रम की वृद्ध महिलाओं ने वृद्ध पुरुषों को हर साल की भांति माथे पर रोली, हल्दी, कुमकुम का तिलक लगाकर रक्षा सूत्र बांधा व मिठाई खिलाकर अपनापन का फर्ज निभाया। सभी बुजुर्गों ने सभी बहनों को हृदय से आशीर्वाद दिया। हालांकि अतीत के दिनों में अपने भाइयों संग घर में राखी त्योहार मनाने की यादों की पीड़ा भी उनकी आंखों में झलकी। आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने कहा कि आश्रम में हर साल घर से भी बेहतर रक्षाबंधन मनाया जाता है और अपना नहीं होते हुए भी लोग यहां बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

### थाना प्रभारी को रक्षा सूत्र बांध लिया सुरक्षा का वादा



**कतरास।** रक्षाबंधन के अवसर पर सोमवार को सम्पूर्ण जनजागृति आर्गेनाइजेशन में अध्ययनरत छात्राओं ने बरोरा थाना प्रभारी विकास कुमार, संस्कार ज्ञानपीठ निदेशक डॉ मुकेश कुमार राय व अन्य छात्रों को परंपरागत तरीके से माथे पर तिलक लगाकर रक्षा सूत्र बांधा। मौके पर संस्था के अध्यक्ष रमेश कुमार, सचिव विक्की साव, जूही कुमारी, प्रतिमा कुमारी, सीमा कुमारी, खुशी कुमारी, चंदा,राधा,अंजली, प्रेम कुमार, सुबोध कुमार, सत्यजीत सोनू, प्रशांत कुमार, करण मौजूद थे।

### विहिप व बजरंग दल ने मनाया रक्षा बंधन उत्सव

**धनबाद।** भूली नगर के पांडरपाला बस्ती में सोमवार को विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की ओर से दुर्गा मंडप के प्रांगण में रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया, जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह एवं सभी बजरंगी ने पूरे हिंदू समाज को रक्षा और सुरक्षा का विश्वास दिलाया। प्रण लिया कि जब तक बजरंगी के शरीर में जान है, हिंदुओं की रक्षा और संवर्धन करते रहेंगे। मौके पर पप्पू यादव, महानगर के धर्म आचार्य प्रमुख गोविंद कुमार शुक्ला, संयोजक राम शर्मा, नीलू विश्वकर्मा, सुरेंद्र विश्वकर्मा, पिंटू ठाकुर, विकास सिंह, बिट्टू प्रजापति, मनोहर महतो, पंकज प्रजापति, दीपू आदि की उपस्थिति में उत्सव संपन्न हुआ।

### विधायक की पत्नी ने सिंदरी एसडीपीओ को बांधी राखी



**सिंदरी ।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर सिंदरी के विधायक इंद्रजीत महतो की धर्मपत्नी तारा देवी ने एसडीपीओ भूपेंद्र प्रसाद राउत को उनके कार्यालय में जा कर राखी बांधी। एसडीपीओ से संपूर्ण क्षेत्र की रक्षा करने का संकल्प लेते हुए भाजपा नेत्री ने कहा कि जनता की रक्षा सर्वोपरि है। भाजपा नेत्री ने कहा कि कोलकाता में महिला चिकित्सक की घटना निंदनीय है। इस प्रकार की घटना से वह मर्माहत हैं। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी से आग्रह किया है कि क्षेत्र की महिलाओं को सुरक्षित रखा जाए। भाजपा नेत्री ने हर्ल प्लांट परिसर स्थित नागधारी बाबा मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक कर और रोहड़ाबांध चेकपोस्ट स्थित मां काली और भवानी मंदिर में पूजा अर्चना कर सिंदरी विधानसभा क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की।

## स्वयंसेवकों ने बस्ती के बच्चों के साथ मनाया रक्षाबंधन का त्योहार



**धनबाद।** रक्षाबंधन के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर युवा संपर्क विभाग के सदस्य सोमवार को विवेकानंद सेवा बस्ती पहुंचे। वहां वनवासी समाज के बच्चों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर त्योहार मनाया। साथ ही बच्चों के शैक्षणिक उत्थान और सुखी,समृद्ध व सुरक्षित जीवन का संकल्प लिया। स्वयंसेवकों ने बताया कि हमारे 6 प्रमुख त्योहार में रक्षाबंधन भी शामिल है, जिसे युवा श्रेणी के स्वयंसेवक हर साल मनाते हैं। राखी बांधकर एवं बंधवा कर भाइयों व बहनों की रक्षा का संकल्प लेते हैं। शिक्षा की क्रांति के ध्येय के साथ सेवा बस्ती के आंगन की बदलती तस्वीर ही युवा स्वयंसेवकों के जीवन का प्रयोजन है। इसी निमित्त वनवासी समाज की सेवा बस्ती के भाई-बहनों को रक्षा सूत्र बांधने के बाद स्वयंसेवकों द्वारा खूब स्नेह, प्यार व आशीर्वाद दिया गया। सेवा बस्ती के बच्चों को युवा स्वयंसेवकों द्वारा शिक्षण सामग्री भी भेंट की गई। मौके पर संस्कार कश्यप, रेनू गुप्ता, रोहित झ्ारती, जयेश तिवारी, सुप्रियो पॉल, तुषार कश्यप आदि मौजूद थे ।

## मंदिर के गुंबद निर्माण के दौरान करंट लगने से मिस्त्री की मौत

**मैथन।** मैथन के संजय चौक के समीप हनुमान मंदिर के गुम्बद निर्माण के दौरान सोमवार की सुबह साढ़े सात बजे बिजली का करंट लगने से मुख्य मिस्त्री की मौत हो गई। हालांकि मंदिर कमेटी के लोगों ने उसे तुरंत स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही मैथन पुलिस पहुंची औरर जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिस्त्री का नाम ज्ञानेश्वर (40) बताया जाता है, जो महाराष्ट्र से गुम्बद निर्माण के लिए अपनी टीम के साथ मैथन आया था। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सुबह मजदूरों द्वारा गुम्बद पर पानी का छिड़काव किया गया, इसके बाद मुख्य मिस्त्री ज्ञानेश्वर ने बांधने के लिए एक बांस को जैसे ही उठाया, वह 11 हजार वोल्ट के तार से सट गया। चूंकि बांस कच्चा था और छत पर पानी था, जिससे वह बिजली के करंट की चपेट आ गया। स्थानीय लोगों ने इस घटना के लिए मंदिर कमेटी को दोषी ठहराया है। लोगों का कहना है कि मंदिर के ऊपर से जब 11 हजार वोल्ट का तार गुजरा है, तो बिना सुरक्षा व्यवस्था किये गुम्बद निर्माण क्यों कराया जा रहा था। कहा कि मंदिर कमेटी की लापरवाही के कारण रक्षाबंधन के दिन किसी के भाई की मौत हो गई।

## कंस्ट्रक्शन साइट से 5 लोहा चोर धराये

खबर मन्त्र संवाददाता



**महुदा।** थाना क्षेत्र के सिंगड़ा बस्ती पुल के समीप कंस्ट्रक्शन साइट से रेलवे के लोहे की पाइप की चोरी करने के मामले में 5 लोगों को महुदा रेलवे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार 5 लोगों में बारकी बस्ती के सोहैल हुसैन उर्फ जानी, सिंगड़ा बस्ती निवासी शाकिर अंसारी, अताउल्ला अंसारी, लालबंग्ला पाण्डेय निवासी मंसू महतो एवं भुरुंगिया बस्ती निवासी रौशन कुमार सिंह शामिल हैं।

मामले की जानकारी देते हुए रेलवे के ओसी राजकुमार साव ने पत्रकार वार्ता में बताया कि 18-19अगस्त की मध्य रात्रि को महुदा आरपीएफ के नेतृत्व में छापेमारी की गयी थी। छापेमारी मां आरोपी व्यक्ति के अवैध कब्जे से टूटे हुए लोहे के सामान से भरा 11 पीस प्लास्टिक बैग और 2 टुकड़ों में 1 कैन्ड बियरिंग प्लेट (रेलवे सामग्री), 900 किलोग्राम (लगभग) टूटी हुई लौह सामग्री और 2 टुकड़ों में 1 कैन्ड बियरिंग प्लेट बरामद किया गया। इन सभी के विरुद्ध आरपी (यूपी) अधिनियम की धारा-6 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## एक नजर में

### 23 अगस्त की युवा आक्रोश रैली की सफलता के लिए भाजपा ने बनायी रणनीति



**मैथन।** भाजपा निरसा मंडल के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक सोमवार को सिंदरी मोड़ स्थित कार्यालय में निरसा मंडल अध्यक्ष बृहस्पति पासवान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में युवा आक्रोश रैली के निरसा मंडल प्रभारी बांपी चक्रवर्ती, मधुरेंद्र गोस्वामी, जिला मंत्री संजय महतो मौजूद थे। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि झारखंड सरकार के कुशासन, भ्रष्टाचार, लूट, वादा खिलाफी, युवाओं के साथ धोखा, 5 लाख स्थार्यी नौकरी, बेरोजगारी भत्ता, अनुबंध कर्मियों का स्थायीकरण आदि के झूठे वादे के विरुद्ध भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से 23 अगस्त को युवा आक्रोश रैली का आयोजन किया गया है। रैली में बड़ी संख्या में निरसा मंडल से युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करनी है। बैठक में रामकिशन शर्मा, सजल दास, पूर्णेन्दु मालाकार, कृष्णानंद रवानी, सूरज चौहान, उज्ज्वल मालाकार, विजय महतो, रतन तिवारी, कृष्णा राय, गोविंद यादव, अरविंद यादव, राजेश श्रीवास्तव, सुरेश भुइयां, मुन्ना ठाकुर, कलू गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मृत मजदूर के आश्रित को मिला नियोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र के एएम जेनरल मजदूर नन्द किशोर बेलदार की कार्य अवधि के दौरान असामयिक मौत के बाद आश्रित को नियोजन देने की मांग को लेकर सोमवार को मजदूरों ने के के सी लिंक साइडिंग में काम काज बाधित कर दिया। मजदूरों के रोष को देखते हुए प्रबंधन ने मृत कर्मी के आश्रित को नियोजन देने पर सहमति दी। यूनियन प्रतिनिधियों के साथ समझौते के तहत बरोरा क्षेत्र के महा प्रबंधक एवं सलाहकार समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप से मृत कर्मी की पत्नी अनिता देवी को तत्काल प्रोविजनल नियोजन पत्र दिया। मालूम हो कि नन्द किशोर बेलदार विगत 24 जुलाई को ड्युटी से घर लौटते वक्त फुलारीटांड फीडर ब्रेकर के समीप दुर्घटना में घायल हो गए थे। उन्हें तत्काल रिजनल अस्पताल डुमरा में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें केन्द्रीय अस्पताल धनबाद रेफर किया गया। बताते हैं कि उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची स्थित पारस हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां विगत रविवार को उनकी मृत्यु हो गई।

### वार्ता में ये लोग थे शामिल

वार्ता में प्रबंधन पक्ष से जीएम पीयूष किशोर, पीओ काजल सरकार, यशवंत सिंह राजपूत प्रबंधक, विवेक पाठक क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक, जबकि श्रमिक संगठनों की ओर से गोपाल मिश्रा, संजय चौबे, जेके झा, मंगल हेंब्रम, संतोष गोराई, देवनाथ चौहान, जिला परिषद सदस्य शंकर बेलदार व मृत कर्मी के परिजन शामिल थे।

## फुसबंगला चेम्बर ऑफ कॉमर्स में मतदाता सूची पर हुआ विवाद

### कुछ लोगों की सदस्यता पर उठाया सवाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**जोड़ापोखर।** धनबाद जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स का चुनाव 22 अगस्त कोहै, जबकि मतदाता सूची को लेकर फुसबंगला चेम्बर ऑफ कॉमर्स दो गुटों में बंट गया है। एक गुट के अध्यक्ष अवधेश मिश्रा ने प्रेसवार्ता में पूर्व कार्यवाहक सचिव शुभाशीष राय एवं इरफान खान पर कई गम्भीर आरोप लगाए। श्री मिश्रा ने कहा कि शुभाशीष को लेखा जोखा प्रस्तुत नहीं करने पर 17 फरवरी 24 को ही पद मुक्त कर दिया गया था। इरफान खान मेम्बर ही नहीं है। वह बीसीसीएल की जमीन पर अवैध तरीके से स्कूल चलाते हैं। जिस जगह पर स्कूल है, वह फायर जॉन हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी जांच करे। श्री मिश्रा ने कहा कि जिला कमेटी के चुनाव में सिर्फ 3 दुकानदार अशोक मिश्रा, अरविंद कुमार और वसीम को ही वोट देने का अधिकार प्राप्त है। बार्ता में उपस्थित थे राहुल गुप्ता, राकेश गुप्ता, शलिम हाशमी, गोल्डेन खान,पप्पू खान,राजू सिंह, शिशु ठाकुर आदि मौजूद थे। वहीं शुभाशीष राय ने कहा है की जिला कमिटी ने अपने चहेते प्रत्याशी को जिताने के लिए हम लोगों का मतदाता सूची से नाम हटाया गया है। जबकि अवधेश मिश्रा 10 बर्ष में एक बार ही सदस्य बने हैं अभी मेम्बर ही नहीं है। मेरे पास कमिटी का लेखा जोखा पूरी तरह मौजूद हैं। वही इरफान खान ने कहा है की मेरा फुसबंगला में दुकान है।

## फोटोग्राफी दिवस पर डीडीपीटीए ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर



**धनबाद।** विश्व फोटोग्राफी दिवस पर डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन ने सोमवार को बैंक मोड़ चेंबर ऑफ कॉमर्स कार्यालय में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। जीटा के महासचिव राजीव शर्मा, जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व महासचिव राजेश गुप्ता, डेकोरेटर एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं केक काटकर शिविर की शुरुआत की। शिविर में 100 से अधिक फोटोग्राफर एवं उनके परिजनों ने हिस्सा लिया। उनके ब्लड प्रेशर, शुगर एवं नेत्र की जांच की गई। चिकित्सकों ने दवा के साथ आवश्यक सुझाव भी दिये। शिविर को सफल बनाने में अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, सचिव मनीष शाह, संजय कुमार, रत्नेश कुमार, मनोज कुमार, गुड्डू गुप्ता, प्रकाश कुमार, सुभ्ााष सरावगी, अनूप साहू आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

## टाटा डीएवी स्कूल की जर्जर दीवार दे रही हादसे को दावत

खबर मन्त्र संवाददाता

**जोड़ापोखर।** जामाडोबा स्थित टाटा डीएवी स्कूल खुद को धनबाद जिला का सर्वश्रेष्ट विद्यालय कहने से गुरेज नहीं करता है, परन्तु इसी स्कूल भवन में कई खामियां देखने को मिल रही हैं। स्कूल प्रबंधन की अनदेखी के कारण कभी भी स्कूली बच्चे हादसे का शिकार हो सकते हैं। मासूम बच्चों की जिंदगी के साथ स्कूल प्रबंधन खिलवाड़ कर रहा है। टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा का वर्षों पुराना भवन बगैर मरम्मत कराये जर्जर अवस्था में पहुंच गया है। स्कूल की जर्जर दीवार हादसे को दावत दे रही है। पुरानी दीवार पर ही प्लास्टर तथा रंगरोगन कर नया दिखाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन स्कूल भवन में लगे प्लास्टर गिर रहे हैं। मुख्य मार्ग के गेट के सामने कभी भी दीवार का प्लास्टर गिर सकता है। स्थानीय लोगों ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर कहा कि स्कूल कमेटी में श्रमिक नेताओं को रखा गया है, जिनके बच्चे इस स्कूल में नही पढ़ते हैं। बच्चों के अभिभावकों का कहना है कि कई बार प्लास्टर गिरा है।

### बरसात में स्थिति हो जाती है भयावह

अभी बारिश का मौसम है, लगातार बारिश हो रही है। ऐसे में जर्जर भवन पर खतरा मंडराने लगा है। इस मौसम में आम दिनों के मुकाबले प्लास्टर गिरने का खतरा कही अधिक बना रहता है।

## एसएनएमएमसीएच में चौथे दिन भी नहीं खुला ओपीडी, मरीज परेशान

### चिकित्सकों की हड़ताल

### जूनियर डॉक्टरों ने कहा जब तक दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती, जारी रहेगी हड़ताल

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** कोलकाता के आरजीकर अस्पताल में ट्रेनी महिला चिकित्सक के साथ हैवानियत को लेकर जिले में चिकित्सकों का आंदोलन जारी है। जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एसएनएमएमसीएच में चौथे दिन यानी सोमवार को भी जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल जारी रही। ओपीडी सेवा पूरी तरह से बंद रही। दूर दराज से इलाज कराने आये मरीजों को गेट से बाहर से ही लौटना पड़ा। अस्पताल में मौजूद वरीय चिकित्सक ड्यूटी के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करते नजर आये। ईमरजेंसी में कुछ मरीजों को देखने तथा वार्ड में राउंड कर चलते बने। ईमरजेंसी सेवा भी जूनियर डॉक्टरों के भरोसे है। हड़ताल के कारण डॉक्टर मरीजों पर कम, आंदोलन पर ज्यादा फोकस कर रहे हैं। इससे अस्पताल की पूरी व्यवस्था चरमरा गई है। गरीब और लाचार लोग फिलहाल मजबूर दिख रहे हैं। इस संबंध में अस्पताल के वरीय चिकित्सक डॉ यूके ओझा ने बताया कि इमरजेंसी और इनडोर का काम नियमित रूप से चल रहा है। इसमें किसी को कोई परेशानी नहीं है। ओपीडी में भी हमलोग बैठ रहे हैं।आज भी मरीजों को देखा है। हड़ताल के कारण थोड़ी बहुत परेशानी है। इससे मरीजों के इलाज में कोई दिक्कत नहीं है। हड़ताल पर बैठे जूनियर डॉक्टरों ने बताया कि जबतक दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती, आंदोलन जारी रहेगा। रही बात अस्पताल की तो यहां ईमरजेंसी और भर्ती मरीजों को देखा जा रहा है। सिर्फ ओपीडी बाधित है।

## सीएमआरआई के पूर्व वैज्ञानिक का निधन झरिया विधायक ने जताया शोक



**जोड़ापोखर।** टाटा मेन हॉस्पिटल जामाडोबा के मुख्य चिकित्सा प्रभारी डॉ अलोक कुमार के पिता व सीएमआरआई धनबाद के सेवा निवृत्त वैज्ञानिक तीन बार राष्ट्रपति एवॉर्ड प्राप्त ललित मोहन प्रसाद का देहांत सोमवार को टाटा अस्पताल जामाडोबा में हो गया । वह काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। वह अपने पीछे पत्नी मंजू प्रसाद, डॉ अलोक एवां छोटा पुत्र अमर को छोड़ गए हैं। अमर साउथ अफ्रीका में इंजीनियर है। डॉ अलोक ने बताया कि उनके पिता वैज्ञानिक थे और उनकी उम्र लगभग 83 वर्ष थी। वर्ष 2001में वह सी एम आर आई से रिटायर हुए थे। खबर सुनकर टाटा कंपनी के अधिकारियों और यूनियन प्रतिनिधियों ने उनके आवास पर पहुंच कर परिवार को सांत्वना दी। पिता की मृत्यु की खबर सुनकर साउथ अफ्रीका से छोटे पुत्र अमर औरे नाइजीरिया से पुत्र के मित्र क्लेमन माइकल भी जामाडोबा पहुंचे। सेवानिवृत्त वैज्ञानिक की मौत पर झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने भी गहरा शोक व्यक्त किया और पूरे परिवार को सांत्वना दी।

## स्पीड न्यूज

### उंटारी रोड के शिव संपत धाम मंदिर परिसर में भाजपाइयों ने की समीक्षा



**उंटारी रोड (पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र के सीड़हा गांव स्थित शिव संपत धाम मंदिर परिसर में सोमवार को जिला पार्षद सह भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति के सदस्य अरविंद सिंह की अध्यक्षता में भाजपा नेताओं की बैठक हुई। जिसमें अगले 2024 विधानसभा चुनाव को लेकर समीक्षा की गयी। संचालन वरिष्ठ नेता वेद प्रकाश शर्मा ने किया। इसमें पार्टी के प्रदेश, जिला, प्रखंड स्तरीय नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य विभाकर नारायण पांडेय, विश्रामपुर विस के पूर्व प्रत्याशी सीएस दुबे और नरेंद्र पांडेय सहित कई लोग शामिल थे। बैठक में कार्यकर्ताओं ने उपेक्षा का आरोप लगाया है। मौके पर भाजपा नेता सह जिप सदस्य अरविंद सिंह, प्रेमा नंद त्रिपाठी, बृजेंद्र पाठक, पपु सिंह, सीताराम आर्य, अखिलेश दीक्षित, बासुदेव मेहता, विजयकांत चौबे, अरविंद मेहता, रवींद्र उपाध्याय, पंकज लाल, राजेंद्र विश्वकर्मा आदि भी मौजूद थे।

### पाटन प्रखंड में धूमधाम से मना रक्षाबंधन



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड में रक्षा बंधन पर्व धूमधाम से मनाया गया। ने अपने भाई की कलाई पर राखी बांधकर लंबी आयु की कामना की। पाटन के किशुनपुर नावां जयपुर पाटन चौक बाजार सहित सभी चौक चौराहों पर राखी व मिठाई की खरीदारी को लेकर महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। वहीं सुबह से ही रक्षाबंधन को लेकर मंदिरों देवालयों में लोगों ने पूजा–अर्चना की। रक्षाबंधन को लेकर लोगों में विशेष उमंग दिया। भाइयों ने बहन की रक्षा करने का संकल्प लिया।

### कार्यपालक पदाधिकारी ने किया आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नप के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडैत ने मुख्यालय स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का औचक निरीक्षण किया। स्वास्थ्यकर्मियों से संसाधनों और दवाइयों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कई निर्देश दिये। इसके अलावा कई औषधियों की तत्काल आपूर्ति करायी। कहा कि स्वास्थ्य कार्य को सेवा भाव से करें। इसमें कोई कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। मौके पर नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, प्रभात कुमार व कई लोग थे।

### मॉल के तर्ज पर शौंडिक वस्त्रालय के नये प्रतिष्ठान का हुआ भव्य उद्घाटन



**छतरपुर पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र के नूरी फोटो स्टेट के पीछे शौंडिक वस्त्रालय के नवनिर्मित मकान में रविवार को मॉल के तर्ज पर खोला गया। उक्त प्रतिष्ठान का उद्घाटन जगतपाल प्रसाद ने विधि विधान पूर्वक नारियल फोड़ और फीता काट कर किया। मॉल संचालक राजेश्वर प्रसाद, गुडु कुमार ने कहा कि हमलोगों का प्रयास है कि छतरपुर जैसे इलाके में भी बड़े शहरों की तरह ग्राहकों को सुविधा मिले और क्वालिटी युक्त परिधान मिल सके। मौके पर लट्टू सिंह, प्रमोड पाठक, चंदन सिंह,राजीव रंजन सिंह, योगेंद्र प्रसाद, नंदन कुमार समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### प्रोत्साहन ही बड़ा पुरस्कार है : सचिन

**सतबरवा पलामू।** राष्ट्रीयकृत सर्वोदय +2 उच्च विद्यालय सतबरवा पलामू के विज्ञान शिक्षक अभिषेक तिवारी ने सर्वांगीण रूप से सरकारी विद्यालय में शिक्षा दे रहे हैं। मेधावी छात्रों के लिए पिछले वर्षों से सतत विद्यार्थियों को प्रोत्साहित और नये विचारों, नयी तकनीक और नये वैज्ञानिक यंत्रों की सहायता से अवगत कराने के लिए प्रत्येक माह के तृतीय शनिवार को विशिष्ट व्यक्तित्व के संपन्न व्यक्ति से जूम ऐप के माध्यम से लगातार मार्गदर्शन करते आ रहे हैं। अगस्त के तीसरे शनिवार के विशिष्ट अतिथि सचिन कुमार राज्य कोऑर्डिनेटर सह सदस्य प्रोजेक्ट इंपैक्ट रांची थे। जिन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि समाज राष्ट्र और परिवार के लिए अतुल्य और अमूल्य योगदान हेतु विभिन्न विषयों में रुचि रख वर्तमान अध्यन के प्रत्येक क्षेत्र में कैरियर निर्माण करने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर विद्यालय शिक्षक द्वारा समझाए गए सभी पहलुओं को आत्मसात करें। मौके पर अनुराग चौहान क्षितिज गुप्ता, सोनू पासवान सोनाली प्रिया तकसूद्दील अंसारी इत्यादि ने अपने करियर संबंधित अनेक प्रश्न किया।

### अंतिम सोमवारी को झरनेश्वर मंदिर में हुई भगवान की विशेष पूजा-अर्चना



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत बघमनवा पंचायत स्थित झरनेश्वर शिव मंदिर में सावन के अंतिम सोमवरी को विशेष पूजा अर्चना की गई। अहले सुबह से ही भक्तों का मंदिर में पहुंचना शुरू हो गया था,जो शाम तक जारी रहा। मंदिर प्रांगण में कई और भी धार्मिक अनुष्ठान हुआ। इसके अलावा 24 घंटे का अखंड कीर्तन भी हुआ। अखंड कीर्तन में वरीय समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह भी शामिल हुए। मंदिर कमिटी के लोगों ने बबलू सिंह का जोरदार स्वागत किया। श्री सिंह ने सबसे पहले भगवान भोलेनाथ का पूजा कर आशीर्वाद लिया। उसके बाद आयोजित अन्य धार्मिक कार्यों में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की भक्ति से हर मनोकामना पूर्ण होती है। मौके पर निरंजन सिंह खरवार, राणा प्रताप सिंह, अंजू अभिमन्यु टीम के विश्रामपुर नगर अध्यक्ष श्याम बिहारी विश्वकर्मा, प्रभारी सलीमुदिन अंसारी, प्रवीण सिंह, मीडिया प्रभारी राहुल दुबे सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# सोमवारी की कलश यात्रा व रक्षा बंधन के मौके पर शामिल हुए पांकी विधायक

- धार्मिक आयोजन से क्षेत्र में आती है समृद्धि व शांति : डॉ शशिभूषण मेहता






**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगगर।** पांकी विस क्षेत्र के पांकी प्रखंड के ग्राम हरैया नवयुवक संघ ने सावन में कलश यात्रा कार्यक्रम और अंतिम सोमवारी के रक्षा बंधन पर पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता कार्यक्रम का विधिवत पूजा अर्चना कर और फीता काटकर शुभारंभ किया। सभी शिव भक्तों ने बाबा भोले शंकर से आशीर्वाद लिया। विधायक ने कहा कि सावन महीने में भक्तों पर भगवान शिव की कृपा बरसती है। सच्चे मन से पूजा अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। उन्होंने रक्षा बंधन पर सभी महिला बहनों को बधाई दी। साथ ही महिलाओं को रक्षा करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि रक्षा बंधन का पर्व खुशियों का है। लोग उत्साह के साथ शांति वातावरण में पर्व को मनायें। कहा कि धार्मिक आयोजन से क्षेत्र में सुख, समृद्धि व शांति आती है। उन्होंने कहा कि ऐसा आयोजन हमेशा होनी चाहिए। मौके पर पांकी विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, सुनील प्रसाद गुप्ता, निर्मल मेहता, सभी शिव भक्त के सदस्य उपस्थित थे।

# इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्राओं ने पुलिस जवानों को राखी बांधकर मनाया रक्षाबंधन





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** रक्षाबंधन पर्व को लेकर पलामू इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्राओं ने लेस्लीगंज थाना पहुंच कर एसआई प्रदीप कुमार, एसआई राजू मांझी के साथ दर्जनों पुलिस जवानों को कलाई पर राखी बांधी और मुंह मीठा कराया।

छात्राओं ने कहा कि देश के सैनिक व पुलिस जवान निरंतन अपनी तैनाती को लेकर त्योहारों में शामिल नहीं हो पाते है। इनलोग आम जनों के सुरक्षा को लेकर अपनी खुशियों को त्याग देते हैं। ऐसे जवानों की कलाई सुनी नहीं रहे इसीलिए राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय पलामू की ओर से रक्षाबंधन कार्यक्रम में लेस्लीगंज थाना में पुलिस जवानों के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने कतार में खड़े होकर थाना परिसर में पुलिस भाइयों को माथे पर चंदन, रोड़ी और अक्षत का तिलक लगा कर उनकी कलाई पर राखी बांधी एवं मुंह मीठा कराया। मौके पर जवानों ने उपहार स्वरूप आशीर्वाद जीवन भर रक्षा करने की बात कही।

### एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर बर्दाश्त नहीं : जितेंद्र पासवान

# 21 के भारत बंद में लेस्लीगंज के व्यवसायी करें पूरा सहयोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



एकजुटता प्रदर्शित करते व्यवसायी वर्ग के लोग।

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** एससी-एसटी के आरक्षण में क्रीमी लेयर और नन क्रीमी लेयर किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूरा समाज इसके खिलाफ है। उक्त बातें जितेंद्र पासवान ने कही। वे रविवार को पत्रकार से प्रेस वार्ता कर कही। उपरोक्त मामले को लेकर 21 अगस्त को भारत बंद का ऐलान किया गया है।

इस बंद को सफल बनाने के लिए लेस्लीगंज के व्यवसायी सहयोग करें। जितेंद्र ने कहा कि संविधान में एससी-एसटी समाज के लिए आरक्षण का प्रावधान है। बाबा साहब ने संविधान बनाते समय एससी-एसटी के आरक्षण में क्रीमी लेयर और नन क्रीमी लेयर को लेकर कोई उल्लेख नहीं किया है। इसके विरोध में विभिन्न राजनीतिक पार्टियों एवं संगठनों ने 21 अगस्त को भारत बंद का ऐलान किया है। इस पूरे पांकी विधानसभा क्षेत्र में सफल बनाया जायेगा।

उन्होंने कहा कि एससी-एसटी समाज अभी भी दबा कुचला है और पूरी तरह से मुख्यधारा से नहीं जुड़ पाया है। इसलिए एससी-एसटी के आरक्षण में क्रीमी लेयर और नन क्रीमी लेयर का प्रावधान करना कहीं से भी सही नहीं है। मौके पर श्यामू पासवान, अरविंद पासवान, राकेश कुमार, सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सीपीआर मृतप्राय व्यक्ति को पुन: जीवन देने में अत्यंत लाभकारी : अध्यक्ष रो अनुग्रहणनारायण

- कैंसर व हृदयाघात से बचाव को लेकर विशेष कैंप 21 को
- सीपीआर की जानकारी से बचायी जा सकती है जिंदगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



रोटरी क्लब ऑफ डालटनगंज अध्यक्ष रो अनुग्रहनारायण शर्मा।

**मेदिनीनगर।** रोटरी क्लब डालटनगंज व मेदांता हॉस्पीटल के संयुक्त तत्वावधान में मेदांता हॉस्पीटल के डॉक्टरों के टीम द्वारा 21 अगस्त को रोटरी भवन स्टेशन रोड में एक बजे दिन में कैंसर हेल्थ टॉक एवं हृदय रोग से बचाव हेतू प्राथमिक उपचार संबंधी जानकारी हेतू एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी रोटरी क्लब डालटनगंज के अध्यक्ष रो अनुग्रहनारायण सिन्हा ने दी। उन्होंने बताया कि इस कैंप में हृदय रोग विशेषज्ञ द्वारा अचानक हृदयाघात होने व इससे संबंधित अन्य कठिनाईयों के उत्पन्न होने पर तत्काल क्या उपाय किया जाये इसका प्रशिक्षण सभी लोगों को दिया जायेगा। इसके अलावे कैंसर रोग के रोकथाम व उसके निदान के लिए विशेष जानकारी कैंप में कैंसर रोग विशेषज्ञ द्वारा दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि हार्ट अटैक व कार्डियक अरेस्ट के मामले दिनों दिन बढ़ते जा रहे हैं। इसकी रोकथाम व जीवन रक्षा में सहायक उपाय व सामूहिक जागरूकता समाज के लिए आवश्यक है। सीपीआर की जानकारी होने से जिंदगियां बचाई जा सकती है। साथ ही व्यक्ति पुनः स्वस्थ हो सकता है। उन्होंने कहा कि सीपीआर मृतप्राय व्यक्ति को पुनः जीवन प्रदान करने में अत्यंत लाभकारी है। इस विशेष कैंप में मेदांता ग्रुप के डॉ किशोर झुनझुनवाला, निदेशक क्रिटिकल केयर एवं डा संदीप कुमार एसोसियट डायरेक्टर कैंसर विभाग द्वारा सभी लोगों को प्रशिक्ष्इण एवं जानकारी दिया जायेगा। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में 21 अगस्त को एक बजे दोपहर में उपस्थित होकर इसका लाभ उठायें। प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वयं अपने परिजनों व पड़ोसियों को आपात स्थिति में जीवन दें।

## शिशु मंदिर की मेहंदी प्रतियोगिता में बहनों ने दिखाया रचनात्मक कौशल

- सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित
- स्कूल के बहनों ने की रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के धरहरा मोड़ के समीप सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में बीते दिनों मेहंदी सजाओ प्रतियोगिता की गयी। इसमें विद्यालय की कक्षा सप्तम से दशम तक की 86 बहनों ने भाग लिया और अपनी रचनात्मक कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन की।इस दौरान बहनों ने अपनी कला और सृजनात्मकता को प्रदर्शित करते हुए अपने हाथों को अद्वितीय और सुंदर मेहंदी डिजाइनों से सजाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने इस अवसर पर कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं का उद्देश्य बच्चों के रचनात्मक विकास को प्रोत्साहित करना और उनकी छिपी हुई प्रतिभाओं को उजागर करना है।

## दबंगों ने काटा चकला आहर का बांध बरसाती पानी का नहीं हो रहा संचयन

- किसानों का धनरोपनी कार्य भी हुआ प्रभावित, बांध काटने के आरोपी पर कार्रवाई के लिए किसान पलामू उपायुक्त सहित सदर एसडीओ व अंचल कार्यालय में किया आवेदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर पलामू।** नावा बाजार के ब्रहमोरिया निवासी श्याम नारायण पांडेय ने गांव के लगभग 100 वर्ष से अधिक पुराना चकला आहर बांध को जेसीबी से काट कर समतल कर दिया। जिससे बरसाती पानी आहर में नहीं ठहर पा रहा है। आहर के नीचे पानी नहीं मिलने से खेत परती रह गये धनरोपनी का कार्य नहीं हो सका। सिंचाई की कोई अन्य व्यवस्था नहीं होने से खेत खाली पड़े हैं। आहर में पानी भर जाने से जल संचयन के साथ सिंचाई की धनरोपनी आदि होती थी। लेकिन अब यह कुछ भी नहीं हो पायेगा। इस बावत पीड़ित किसान सच्चिता नंद पांडेय, हिरा नंद पांडेय, रघुवीर पांडेय, शिव पांडेय गोविंद पांडेय, योगेंद्र पांडेय आदि के संयुक्त रूप से पलामू उपायुक्त सहित मेदिनीनगर सदर एसडीओ, सीओ नाबाजार से लिखित शिकायत की है।

### बोस आवासीय विद्यालय के बच्चों को बांधी राखी



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के ग्राम सुआ में नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में अनाथ बच्चों ने रक्षा बंधन पर्व मनाया। रक्षाबंधन पर अनाथ बच्चों को राखी बांधकर मिठाई खिलायीग गयी। वार्डेन अनिल ठाकुर ने बताया कि जिला का मात्र एक अनाथ विद्यालय है जहां बच्चों को शिक्षा प्रदान की जाती है। सभी अनाथ बच्चों को वार्डेन के द्वारा राखी बंधवाकर मिठाई खिलाया गया एवं सभी बच्चों को खाने में पूरी हलुआ सब्जी प्रदान किया गया। कहा कि आवासीय विद्यालय में बच्चों को शिक्षा, भोजन व पानी का ख्याल रखा जाता है।

### भाजपा पाटन मंडल की बैठक आज : संजय सिंह



**पाटन पलामू।** भाजपा नेता राजू सिंह के आवास पर 20 अगस्त को भाजपा पाटन मंडल की महत्वपूर्ण बैठक रखी गयी है। इसकी जानकारी भाजपा मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह ने दी। बताया कि 20 अगस्त को ब्लॉक रोड पाटन भाजपा नेता राजू सिंह के आवास पर भाजपा की बैठक होनी है। बैठक में विधायक पुष्पा देवी, भाजपा नेता व पूर्व सांसद पलामू मनोज कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी समेत जिला के भाजपा नेतागण उपस्थित रहेंगे। बैठक में सभी पदाधिकारी, सभी मोर्चों के अध्यक्ष, सभी पंचायत संयोजक सह संयोजक, सभी बूथ अध्यक्ष, स्थायी मंडल प्रभारी, शक्ति केंद्र प्रभारी, भाजपा समर्थक सभी जनप्रतिनिधिगण की उपस्थिति अनिवार्य है।

## महिला सम्मान की हकदार है अपमान की नहीं : डॉ प्रवीण



- क्लब के सदस्यों ने निकाला कैंडल मार्च

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक महिला डॉक्टर के साथ हुए बलात्कार और उसकी हत्या का खुला मंच एवं लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर ने पुरजोर विरोध किया है। इस जघन्य अपराध में शामिल लोगों के खिलाफ कठोरतम दंड की मांग करते हुए क्लब के सदस्यों ने शहीद चौक से छः मुहान चौक तक कैडल मार्च किया और तख्तियां लहरायी। लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए कहा कि किसी भी सभ्य समाज में ऐसी घटनाओं के लिए कोई जगह नहीं हो सकती।

### भाकपा जिला सचिव ने मृतक के परिजनों से मिल व्यक्त की संवेदना

**रामगढ़ पलामू।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर तिवारी ने रामगढ़ प्रखंड के नवाडीह बरवाही टोला में लखन राम के पोता अंशु एवं अन्य दो बच्चे जिनकी मृत्यु कुएं में डूब कर मौत होने की सूचना पर मृतक के घर पहुंचे। उन्होंने मृतक की माता एवं परिजनों दादी को ढाढ़स बंधाया एवं दुख जताया। कहा कि रामगढ़ थाना प्रभारी इसकी गहनता से जांच करें क्योंकि परिजनों को आशंका है कि बच्चे की हत्या कर कुआं में डाला गया है।

## भाजपाइयों ने लिया 23 को रांची की युवा आक्रोश रैली को सफल बनाने का निर्णय



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** भाजपा द्वारा घोषित 23 अगस्त को रांची में युवा आक्रोश रैली को सफल बनाने के लिए सतबरवा मंडल बिजय शर्मा की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इस बैठक में युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष वर्तमान में भाजपा जिला महामंत्री ज्योति पांडेय उपस्थित थे।

मौके पर ज्योति पांडेय ने कहा कि वर्तमान सरकार राज्य ने युवाओं को छलने का कार्य किया है। नौकरी के नाम पर युवाओं से वोट लेकर हेमंत सोरेन की सरकार ने युवाओं के लाइफ से खिलवाड़ किया है।

### ज्ञान निकेतन में विजेताओं को किया पुरस्कृत



**विश्रामपुर (पलामू)।** उमेश सिंह एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित रेहला ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में शनिवार को रक्षाबंधन पर कई प्रतिगिताएं हुईं। प्रतियोगिता के विजेताओं को स्कूल प्रबंधन ने पुरस्कृत किया। राखी बनाओ प्रतियोगिता में जूनियर ग्रुप के आदर्श प्रथम, प्रिया रानी द्वितीय व किरण तृतीय रही। चित्रकला प्रतियोगिता में आर्य तिवारी प्रथम, हाफसा खातून द्वितीय व शूफिया नवाज तृतीय रही। मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता में आलिया प्रवीण प्रथम, नासरीन प्रवीण द्वितीय व नौरीन प्रवीण तृतीय रहीं। सीनियर ग्रुप से मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता में संजना व अवनी प्रथम, अनन्या व हाशमीन द्वितीय तथा सुप्रिया व आकृति तृतीय रहीं। फोटो फ्रेम बनाओ प्रतियोगिता में तैयब खान प्रथम, अल्तमश व मोहित द्वितीय तथा अभिषेक कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया।

# रामगढ़ में हर-हर महादेव की गूंज

### अंतिम सोमवारी पर रामगढ़ बाजार शिव मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बाजार शिव मंदिर में आस्था का जलार्पण करने पहुंचे क्षेत्र के लोग।

**रामगढ़ पलामू।** सावन में पूरे महीने श्रद्धालुओं में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला। अंतिम सोमवारी पर कुछ इसी तरह का माहौल रहा। रामगढ़ बाजार शिव मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। हर तरफ हर हर महादेव की गूंज रही। इसमें महिलाओं की सहभागिता सबसे ज्यादा रही। बड़े, बूढ़े और बच्चे भी पूरे उमंग में सराबोर नजर आए।

कलश यात्रा का नेतृत्व गोलू गुप्ता व बादल चंद्रवंशी ने किया। बताते चलें कि रामगढ़ बाजार स्थित शिव से हर वर्ष सावन मास में अंतिम सोमवारी पर भव्य कलश यात्रा निकाली जाती है। इस परंपरा को इस वर्ष भी कायम रखते हुए रामगढ़ बाजार स्थित शिव मंदिर से गाजे बाजे के साथ सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें शामिल श्रद्धालु हाथों में कलश लिए भगवान भोलेनाथ की आराधना करते चल रहे थे। मंदिर से निकली कलशयात्रा टैवरदाहा नदी तक गई। यहां नदी तट पर पूरे विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरा गया और पुनः उसी उत्साह के साथ सारे श्रद्धालु शिव मंदिर पहुंचे और जलार्पण किया।

# हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय में झंडा फहराने में अनुपस्थित रहे बीडीओ

- प्रखंड प्रमुख ने बीडीओ पर तानाशाही का लगाया आरोप
- प्रखंड प्रमुख समेत सभी पंचायत प्रतिनिधि सीएम से करेंगे शिकायत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



झंडोत्तोलन के दौरान उपस्थित लोग।

**हुसैनाबाद पलामू।** देशभर में 78वां स्वतंत्रता दिवस काफी उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मना। लेकिन हुसैनाबाद में प्रखंड कार्यालय पर अपने निर्धारित समय पर अधिकारियों का अनुपस्थित रहना शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि स्वतंत्रता दिवस की तैयारी और कार्यक्रम समय सारणी को लेकर एसडीओ ने पूर्व में बैठक की थी। अपने कार्यालय निर्धारित समय पर ध्वजारोहण का निर्देश दिया गया था जिसमें प्रखंड कार्यालय में 8:10 मिनट पर समय था परंतु बीडीओ रौशन कुमार 8:25 में प्रखंड कार्यालय पंहुचे। उससे पूर्व प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी एवं समस्त पंचायत समिति ध्वजारोहण कर चुके थे। इधर, इस बात की चर्चा शहर के चौक चौपालों पर दिन भर चल रही है कि हुसैनाबाद के अधिकारियों में इतना घमंड है। वे लोग देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं शहर में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा से काफिला गुजरती लेकिन अधिकारी गाड़ी रोक उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करना भी भूल जाते हैं। फिर अनुमंडल में बैठक व समय सारणी की क्या जरूरत? इधर प्रखंड प्रमुख ने बीडीओ पर तानाशाही करने और लगातार मनमानी करने का आरोप लगाते हुए 21 अगस्त को सीएम से शिकायत करने की बात कही हैं।

# बेरमो कोयलांचल सहित आसपास क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ रक्षाबंधन संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** रक्षाबंधन के दिन बहनें भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं और उनके दीघार्यु होने की कामना करती हैं। बदले में भाई भी अपनी बहन को वचन देता है कि वो हमेशा उसकी रक्षा करेगा। इस दिन बहनें भाई को रंग-बिरंगी राखी बांधती हैं। रक्षाबंधन हिंदुओं का महत्वपूर्ण पर्व है, जो भारत के कई हिस्सों में मनाया जाता है। भारत के अलावा भी विश्व भर में जहां पर हिन्दू धर्म के लोग रहते हैं, वहां इस पर्व को उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस बार रक्षाबंधन का पर्व 19 अगस्त यानी सोमवार को मनाया गया। इस दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांधती हैं और भाई बहनों को जीवन भर उनकी रक्षा का वचन देते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, राजसूय यज्ञ के समय द्रोपदी ने भी श्रीकृष्ण को रक्षासूत्र के रूप में अपने आंचल का टुकड़ा बांधा था जिसके बाद से बहनों द्वारा भाई को राखी बांधने की परंपरा शुरू हुई। इस दिन वेदपाठी ब्राह्मण यजुर्वेद का पाठ आरंभ करते हैं। इस दिन शिक्षा का आरंभ करना अच्छा माना जाता है। रक्षाबंधन का त्योहार श्रावण शुक्ल पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस बार पूर्णिमा तिथि 19 अगस्त यानी सोमवार रात 11 बजकर 55 मिनट तक है और आज पूरे दिन रक्षाबंधन मनाया जा सकता है। साथ ही आज भद्रा भी लग रही है। भद्रा में भाई को राखी बांधना निषेध माना गया है। ज्योतिष शास्त्र भद्रा का साया बेहद अशुभ माना जाता है। तो पहले जानते हैं कि कौन हैं भद्रा या क्या है भद्रा का साया। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भद्रा सूर्य देव की पुत्री और शनिदेव की बहन हैं। शनि की भांति इसका स्वभाव भी क्रूर है। वैसे भद्रा का शाब्दिक अर्थ कल्याण करने वाली है। इसके विपरीत भद्रा काल में शुभ कार्य वर्जित है। भद्रा राशिनुसार तीनों लोको में भ्रमण करती हैं। पृथ्वीलोक में इसके होने से शुभ कार्यों में विघ्न आते हैं। भद्राकाल बेहद अनिष्टकारी होता है। इस काल में शुभ व मांगलिक कार्य वर्जित हैं। ऐसी मान्यत कि पृथ्वी लोक की भद्रा सभी कार्यों का विनाश करने वाली होती है।

# बेरमो : 21 को आहूत भारत बंद को सफल बनाने को लेकर भाकपा उतरेगी सड़को पर

झारखंड आंदोलनकारी इफ्तेखार महमूद ने कहा कि केंद्र सरकार ने आरक्षण के नियमों से हटकर लेटरल एंट्री द्वारा उच्च सरकारी पदों पर नियुक्ति की घोषणा से आरक्षण की स्थापित व्यवस्था समूल समाप्त हो जाएगा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** ललपनिया केंद्र की एनडीए सरकार के द्वारा एसटी, एससी व ओबीसी को नियुक्तियों में मिलने वाली आरक्षण को समाप्त करने की अघोषित कारवाई खिलाफ दिनांक 21 अगस्त को आयोजित भारत बंद को सफल करने हेतू भारतीय कम्युनिस्टपार्टी गोमिया अंचल के कार्यकर्ताओ ने सड़कों पर उतरने का निर्णय लिया है।

साडम स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी वरिष्ठ नेता एवं झारखंड आंदोलनकारी इफ्तेखार महमूद ने कहा कि केंद्र सरकार ने आरक्षण के नियमों से हटकर लेटरल एंट्री द्वारा उच्च सरकारी पदों पर नियुक्ति की घोषणा से आरक्षण की स्थापित व्यवस्था समूल समाप्त हो जाएगा। श्री महमूद ने कहा कि एसटी,एससी एवं ओबीसी के लिए आरक्षणका जो व्यवस्था बनाया गया है, उसे किसी भी हालत में समाप्त नहीं होने दिया जाएगा। यहां बैठक की अध्यक्षता शाने राजा ने किया।

बैठक में पार्टी अंचल सचिव सोमर मांझी, ठेकेदार मजदूर यूनियन उपमहासचिव समीर कुमार हलदर, पार्टी सहायक अंचल सचिव देवानंद प्रजापति एवं अनवररफी के अलावे मुकुंद साव,जीतू सिंह, बद्री मुंडा, राजेश करमाली, बिरालाल किस्कू,करण महली इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### बेरमो : आवास में चोरों ने दिनदहाड़े ताला तोड़कर घटना को दिया अंजाम



बेरमो। बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत जारंगडीह कोलियरी के पुराना ऑफिसर कॉलोनी मे सोमवार को जारंगडीह परियोजना में ओवरमैन पद पर कार्यरत अंजनी सिंह के आवास में चोरों ने दिनदहाड़े ताला तोड़कर घटना को अंजाम दिया। मिली जानकारी के अनुसार चोरों की आंतक इतना बढ़ गया है कि रात तो रात दिन को भी चोरों ने आतंक मचा रखा है जो पूरे मोहल्ले में भय का माहौल बना हुआ है। भुक्तभोगी अंजनी सिंह ने बताया कि तकरीबन 11 बजे अपर बांग्ला रिश्तेदार के घर सत्यनारायण पूजा में कथा सुनने पुरे परिवार के साथ गए थे जब हम लोग 12 बजे घर लौटे तब देखें कि ताला टूटा हुआ है। गोदरेज व अलमारी भी खुला था और घर का सामान सब जमीन पर फेंका हुआ था इसमें कुछ जेवरात भी था। दिन मे करीबन 11 से 12 बजे के बीच चोरों ने मेरे आवास क्वार्टर नंबर 2ए-2 का ताला तोड़कर चोरी की घटना का अंजाम दिया। हमने बोकारो थर्मल थाना प्रभारी सह पुलिस इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह को सूचना दिए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के निर्देश पर थाना के एसआई धर्मेंद्र कुमार दलबल के साथ पहुंचे व जांच में जूट गए। मौके पर राकोमसं के कथारा क्षेत्रीय सचिव वरुण कुमार सिंह, यूनियन पदाधिकारी अशोक ओझा, जारंगडीह कोलियरी के अधिकारी नीरज कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### फुसरो बैंक मोड़ दुर्गा मंदिर में विद्युत संचालित मां दुर्गा की प्रतिमा होगी स्थापित : महारुद्र नारायण



बेरमो। फुसरो स्थित आरएस कांप्लेक्स में रविवार को बैंक मोड़ दुर्गा मंदिर पूजा समिति की बैठक संरक्षक दयानंद बरनवाल की अध्यक्षता में हुई। यहां पूजा समिति के कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार चांडक द्वारा पिछले वर्ष की आय व्यय की ब्यौरा प्रस्तुत की गई। पूजा समिति के संरक्षक महारुद्र नारायण सिंह व अध्यक्ष विजय सिंह ने कहा कि इस वर्ष फुसरो बैंक मोड़ दुर्गा मंडप में शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा की पूजा धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। पूजा में दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओ को किसी तरह परेशानी न हो एवं मेला में किसी प्रकार की विध्न न हो इसके लिए समिति की ओर से विशेष व्यवस्था की जाएगी। इस वर्ष विद्युत संचालित मां दुर्गा की प्रतिमा एवं झांकी प्रदर्शित किया जाएगा। 25 अगस्त को बैठक कर नई कमिटी की घोषणा की जायेगी। मौके पर संरक्षक महारुद्र नारायण सिंह, मेला प्रभारी मनोज गुप्ता, अनिल गुप्ता, शिव सिन्हा, घनश्याम प्रसाद, रवि छाबड़ा, नागेंद्र सिंह, संजय सिंह, सुशांत राईका, प्रसादी महतो, संतोष सिंह, पंकज शर्मा,धर्मेंद्र सिंह , राजेश गुप्ता, मनोज शर्मा, संतोष गुप्ता, विजय प्रसाद, शंभू यादव, खिरोधर महतो आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### बिना चालान स्टोन चिप्स लदा ट्रैक्टर जब्त



बोकारो। उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर अवैध खनन परिवहन पर रोक को लेकर खनन विभाग द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में खनन विभाग की टीम ने बालीडीह थाना अंतर्गत टोल प्लाजा समीप वाहन जांच अभियान चलाया जिसमें टीम ने बिना खनन चलान के स्टोन चिप्स परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को पकड़ा। टीम ने जब्त ट्रेक्टर को पुलिस बल के सहयोग से थाना परिसर में लाकर संबंधित के विरुद्ध थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। छापेमारी अभियान टीम में खान निरीक्षक सीताराम टुडू एवं पुलिस बल मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, सड़क जाम

दुमका। जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र में दुमका भागलपुर स्टेट हाईवे के गोजाम्बा मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक महिला की घटना स्थल पर ही हुई दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक महिला का नाम रूबी देवी बताया जा रहा है। महिला रूबी देवी अपने पति मुकेश कुमार के साथ नोनीहाट से अपने दो माह के बच्चे का दवा लेकर लौट रही थी। रूबी देवी जरमुंडी प्रखंड अंतर्गत पथरा गांव निवासी बताया जा रहा है। वह कुछ दिन पूर्व राखी बांधने के लिए अपने माता पिता के घर ठेकचा आई थी। सोमवार दोपहर नोनीहाट बाजार से दवा लेकर लौटने के क्रम में गोजांमबा मोड के समीप अज्ञात वाहनों की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। साथ ही उनके पति मुकेश कुमार बुरी तरह से घायल हो गया।
ग्रामीणों के सहयोग से घायल मुकेश कुमार को बेहतर इलाज के लिए फूलों झानों मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका भेज दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही रामगढ़ थाना प्रभारी शशिकांत साहू पूरे दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच घटना का जायजा लिया। करीब 6 घंटे जाम यातायात बाधित रहा। बीडीओ अभय कुमार स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने बुझाने मे जूटे। काफी मशक्कत से 6 घंटे के बाद दुमका भागलपुर मुख्य मार्ग को जाम मुक्त कराया गया। रामगढ़ पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया।

### बेरमो : सावन की अंतिम सोमवारी पर शिवालयो में उमडी भीड



बेरमो। फुसरो- सावन की पॉचवी सोमवारी पर बेरमो क्षेत्र के शिव मंदिरों में पूजा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को बेल पत्र, दूध, दही, जल और प्रसाद चढ़ाया. फुसरो के मेन रोड फुसरो, रानी बाग, बेरमो ब्लॉक के समीप, मकोली, शारदा कॉलोनी, सेंट्रल कॉलोनी, करगली बाजार, पुराना बीडीओ ऑफिस, करगली गेट, करगली बाजार, सुभाषनगर, जवाहर नगर, अमलो, ढोरी बस्ती सोतारडीह, रेहवाघाट, बड़कीटांड़, कदमाडीह, बालूबैंकर, सिंगारबेड़ा, घुटियाटांड़, अंगवाली, चलकरी, पिछरी आदि क्षेत्रों में जलाभिषेक के लिए अहले सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। विभिन्न जगहों के श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की।

## हाईकोर्ट के आदेशानुसार ध्वनि प्रदूषण रोकथाम हेतु लगाया गया है प्रतिबंध

# गोड्डा : डी जे के साथ किसी भी जुलुस की अनुमति नहीं : अनुमंडल पदाधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी, गोड्डा वैद्यनाथ उरांव के द्वारा जानकारी प्रदान की गई कि जिले में ध्वनि प्रदूषण से संबंधित माननीय उच्च न्यायालय का आदेश के अनुपालन को लेकर शहर में ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए किए गए उपायों के बारे में बताया गया है, राज्य द्वारा उठाए गए ऐसे उपायों के बावजूद इसका कोई फायदा नहीं है। स्कूल परिसर, अस्पताल क्षेत्र सहित अन्य स्थानों पर इसका पालन नहीं किया गया। इसलिए कोर्ट डी जे बजाने से होने वाले ध्वनि प्रदूषण को लेकर काफी चिंतित है। इसे लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर होर्डिंग लगाने और उसे प्रदर्शित करने के लिए प्रभावी उपाय करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 के कार्यान्वयन के बारे में जागरूक करने का निर्देश दिया गया है, लेकिन इसका प्रभावी अनुपालन नहीं किया गया है। राज्य अधिकारियों को डी जे बजाना बंद करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया है। न्यायालय द्वारा राज्य सरकार को डी जे को रोकने का निर्देश दिया गया है, अब से पूरे राज्य में डी जे के साथ किसी भी जुलुस की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस आदेश का पालन नहीं करना न्यायालय की अवमानना होगी। कोई भी डी जे कही भी बजता है तो इसके लिए स्थानीय थाना प्रभारी जिम्मेवार होंगे तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। उपरोक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, रांची में पारित आदेश के आलोक में सभी थाना प्रभारी, गोड्डा अनुमंडल/सभी अंचलअधिकारी, गोड्डा अनुमंडल एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, गोड्डा अनुमंडल को निर्देश दिया गया है कि अपने-अपने प्रखंड व थाना क्षेत्र में किसी भी पर्व-त्यौहार, जुलुस आदि में डीजे को बजने नहीं देंगे।

अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा ने सभी डी जे संचालकों से अपील कर कहा है कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में डी जे भाड़ा पर नहीं लगायेंगे। डी जे बाजा बजते हुए पकड़े जाने पर डीजे को जब्त कर संबंधित डीजे संचालकों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### ग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट का विजेता बना अरगड्डा



**बेरमो।** बेरमो कोयलांचल के करगली गेट स्थित बिनोद बिहारी महतो फुटबाल ग्राउंड में समुत्कर्ष फाउंडेशन की ओर से आयोजित छह दिवसीय ग्रामीण फुटबाल प्रतियोगिता का फाइनल मैच रविवार की देर शाम को अरगड्डा एवं झिरकी के बीच खेला गया। जिसमें अरगड्डा की टीम ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी झिरकी की टीम को पेनाल्टी में 2-1 से हरा कर खिताब पर कब्जा किया। अतिथि बेरमो सीओ संजीत सिंह, जीप सदस्य टीनू सिंह, महिला चिकित्सक उषा सिंह, कृष्ण कुमार, संतोष महतो व आयोजन समिति ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्राफी तथा नगद क्रमशः 21 हजार व 11 हजार रुपये जबकि तृतीय व चतुर्थी स्थान वाले टीम को 5-5 हजार रुपये देकर सम्मनित किया।

## मस्जिद निर्माण व मोमिन कालेज हेतु बीएसएल आवंटित करेगी जमीन: खां



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्रबंधन सेक्टर 12 में मस्जिद निर्माण को लेकर जल्द ही दूसरी भूमि चिन्हित कर आवंटित करेगी। साथ ही मोमिन कालेज निर्माण को लेकर भी प्रबंधन भूमि चिन्हित कर आवंटित करेगी। इन दोनों कार्यों को प्राथमिकता के तहत बीएसएल प्रबंधन ने सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है। उक्त बातें झारखण्ड अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान ने बोकारो परिसदन में एक संवाददाता सम्मेलन में कहीं। आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि इन दोनों बिंदुओं पर बीएसएल प्रबंधन से उनकी वार्ता हुई है। उन्होंने कहा कि इन दोनों कार्य हेतु सेक्टर 12 में बीएसएल प्रबंधन ने पूर्व में भूमि आवंटित किया था लेकिन किसी कारण से निर्माण उस समय शुरू नहीं हुआ। बाद में आवंटित भूमि राष्ट्रीय राज मार्ग एवं अन्य सरकारी कार्यों में इस्तेमाल हो गया। स्थानीय लोगों ने पुनः अन्यत्र भूमि आवंटित करने की मांग रखी थी जिस पर वार्ता किया गया। बीएसएल प्रबंधन ने सकारात्मक पहल की बात कही है। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा अल्पसंख्यकों की आबादी के अनुरूप उन्हें केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलें इसे सुनिश्चित किया जा रहा है। मौके पर बीएसएल के सीजीएम टीएस कुंदन कुमार, सहायक निदेशक पियूष डीपीआरओ साकेत कुमार पांडेय एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह तथा प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

### बोकारो : ठनका गिरने से एक की मौत

**बोकारो/कसमार।** कसमार थाना क्षेत्र अन्तर्गत सिंहपुर निवासी कोलेश्वर महतो के 33 वर्षीय पुत्र चन्द्रमोहन महतो की आसमानी बिजली की चपेट में आने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। अचानक तेज बारिश के बीच आसमानी बिजली गिरने से मौत हो गई। बताया जाता है चंद्र मोहन धान रोपणी के बाद खेत की ओर देखने के लिए जा रहा था इस बीच रथ टांड़ श्मशान घाट समीप आसमानी बिजली कड़की और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। परिजनों ने कसमार थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक का एक नौ वर्षीय पुत्र एवं छः वर्षीय पुत्री है। स्थानीय पंसस बिनोद महतो ने शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाते हुए आपदा राहत प्रबंधन के तहत मुआवजा दिलाने की बात कही है। वहीं मंजूरा पंचायत के झरमूंगा गांव निवासी धनेश्वर महतो का एक बैल तथा एक गाय आसमानी बिजली की चपेट में आने से मौत के शिकार हो गए।

## रक्षा बंधन पर अभाविप ने पुलिस पदाधिकारियों को रक्षासूत्र बांधे



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई दुमका पुलिस लाइन मैदान में रक्षाबंधन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर सह मंत्री सुमन कुमारी ने की। कार्यक्रम में छात्राओं ने पुलिस कर्मियों को आरती दिखाते हुए चंदन लगाकर रक्षासूत्र बांधे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुमन कुमारी ने रक्षासूत्र बांधते हुए कहा कि यह राखी उन पुलिस भाइयों को जिनके संरक्षण में दुमका शांति एवं सुरक्षित महसूस करती है। ऐसे पुलिस प्रशासन अपनी सेवा देने के बहजाह से कोई भी पर्व त्यौहार मना नहीं पाते हैं। कुमारी नेहा ने बताया कि हम सभी बहने राखी के बदले उपहार में पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की अपेक्षा रखते है। आए दिन दुमका में अत्याचार एवं महिलाओं के साथ हो रहे दुष्कर्म, पेट्रोल कांड दुष्कर्म कर सबूत मिटाने के लिए जलाकर जंगलों में फेंक देने की घटनाएं आते रही है। महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। इसको कैसे रोकें एवं महिलाए बेरोकटोक पढ़ाई कर सके। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्लस टू गर्ल्स कॉलेज अध्यक्ष मिलन कुमारी, प्रिया कुमारी रवीना टंडन राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख स्मृति कुमारी भाग्यश्री आदित्य विवेक कुमार राज माही, जिला संगठन मंत्री धनंजय कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### तिरला पहाड़ी मंदिर में आयोजित श्रावणीमेला सह अखंड हरिकीर्तन अनुष्ठान कार्यक्रम में शामिल हुए योगेंद्र



बेरमो/ललपनिया। सोमवार को राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष सह गोमिया के पूर्व विधायक योगेन्द्र प्रसाद महतो ग्राम तिरला (बारीडारी) स्थित पहाड़ी मंदिर श्रीश्री त्रिलोकी नाथ धाम मंदिर पहुंचे। यहां आयोजित श्रावणी मेला सह अखंड हरिकीर्तन अनुष्ठान में मुख्य रूप से सम्मलित हुए। उन्होंने यज्ञ मंडप में श्रद्धालुओं के साथ हरि कीर्तन करते हुए परिक्रमा की। मत्था टेका और क्षेत्र की खुशहाली की मंगलकामना की। मौके पर अध्यक्ष सह पूर्व विधायक महतो ने अपने सम्बोधन में कहा क्षेत्र के ग्रामीणों के गहरी आस्था के केंद्र इस धार्मिक स्थल के विकास को हमेशा सकारात्मक पहल की है। अपने कार्यकाल में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए कई योजनाएं दीं।आगे भी इस धाम के विकास के लिए कृतसंकल्पित हूं। वही उन्होंने समस्त ग्रामवासियों और क्षेत्र के लोगों को श्रावणी मेला सह हरि कीर्तन अनुष्ठान कार्यक्रम की शुभकामनाएं दीं। पूजा समिति के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष सह पूर्वविधायक योगेंद्र प्रसाद महतो का फूल माला पहनाकर स्वागत किया व त्रिलोकीनाथ मंदिर की तस्वीरें भेंटकर अभिनंदन किया।

### रक्षाबंधन के अवसर पर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति ने कार्यक्रम का किया आयोजन



बेरमो /रक्षाबंधन के अवसर पर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति ने सीआईएसएफ जवानों के साथ एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें मारवाड़ी युवा मंच, बेरमो शाखा के सचिव संदीप अग्रवाल की अहम भूमिका रही। संदीप अग्रवाल ने इस आयोजन को सफल बनाने में न केवल प्रमुख भूमिका निभाई, बल्कि जवानों के साथ त्योहार मनाने की पहल भी की। कार्यक्रम के दौरान, समिति की महिलाओं ने जवानों को राखी बांधी और उनकी सुरक्षा की कामना की। इस आयोजन ने समाज को यह संदेश दिया कि जो जवान अपनी जान की बाजी लगाकर हमारी रक्षा करते हैं, हमें हर त्योहार पर उनके साथ खड़ा रहना चाहिए। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति एवं मारवाड़ी युवा मंच की यह पहल देशभक्ति और समाज के प्रति कर्तव्य निभाने की प्रेरणा देती है।

## लाल हेंब्रम मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

### पूर्व मंत्री डॉ लुईस मरांडी ने विधिवत कबूतर उड़ा कर किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन करती डॉ लुईस मरांडी।

**दुमका।** एसपी कालेज के पीजी ग्राउंड में सोमवार को प्रथम सांसद व स्वतंत्रता सेनानी लाल हेंब्रम की स्मृति में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। खेल का उद्घाटन पूर्व कल्याण मंत्री डॉ लुईस मरांडी ने की। उन्होंने कॉलेज परिसर में लाल बाबा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शांति के प्रतीक कबूतर को उड़ाकर इस प्रतियोगिता का विधिवत उदघाटन किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि अंचल अधिकारी अमर कुमार और प्रभारी प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव मौजूद थे। प्रतियोगिता का फाइनल मैच 21 अगस्त को खेला जाएगा। प्रतियोगिता में मेजबान दुमका की विभिन्न टीमों के अलावा पश्चिम बंगाल, हजारीबाग और बोकारो की कई चर्चित टीमें भी भाग ले रही है। कुल सोलह टीमों के बीच होनेवाले इस मुकाबले में पहली भिड़ंत रॉयल स्टेज अमड़ापाड़ा व वाईबीसी रामगढ़ के बीच खेला गया। जिसमें टास ब्रेकर शुट आउट के जरिये अमड़ापाड़ा ने रामगढ़ को 3-2 से पराजित कर बढ़त बनायी है। सोमवार को खेले गये मुकाबले के बाद धनबाद एवं वीरभूम की टीमों ने सेमीफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित कर ली है। प्रतियोगिता के आयोजन में आयोजन समिति के अध्यक्ष दिनेश टुडू, सचिव अनूप कुमार हांसदा, कैराप मुर्मू, इमानुएल टुडू, राजीव बास्की, श्यामदेव हेंब्रम, ठाकुर हांसदा, सुलीश बास्की, विमल सहित तमाम हॉस्टल के छात्रनायक मौजूद रहे।

## बालीडीह थाना क्षेत्र में आदिवासी महिला से सामूहिक दुष्कर्म

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** स्थानीय बालीडीह थाना क्षेत्र में दुकान बंद कर घर लौट रही 22 वर्षीय आदिवासी महिला को अगवा कर तीन दिनों तक सामूहिक दुष्कर्म किया गया। दरिंदों के चंगुल से मुक्त हुई महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला बालीडीह इंडस्ट्रियल एरिया में दुकान चलाती है। दुकानदारी खत्म करने के बाद दुकान बंद कर वह पैदल अपने घर लौट रही थी। इस क्रम में कार सवार चार नकाबपोश अपराधियों ने अपहरण कर लिया। आंख पर पट्टी बांधकर महिला को एक बंद कमरे में ले जाया गया जहाँ दरिंदे उसके साथ तीन दिनों तक दुष्कर्म करते रहे। महिला के पति ने खोजबीन के बाद पत्नी की गुमशुदगी की लिखित शिकायत की। आरोपियों ने महिला को 17 अगस्त की रात मुक्त कर दिया। जानकारी व हुलिया के आधार पर पुलिस चार संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। चारों इंडस्ट्रियल एरिया की फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर हैं। हिरासत में लिए गए एक संदिग्ध का पीड़ित महिला के पारिवारिक सदस्य से पुराना रंजिश भी था। बालीडीह पुलिस ने जांच के लिए फोरेंसिक टीम की मदद ली है। महिला के कपड़े व शरीर के ऊपर खरोंच से मिले खून के नमूनों को संग्रहित किया गया है। इंस्पेक्टर ने कहा कि घटना में मिले प्रदर्श स्पष्ट चार्जशीट फॉरेंसिक व मेडिकल रिपोर्ट के साथ मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में ले जाया जाएगा ताकि दोषी को कठोर सजा दिला सकें।

### एकल अभियान की आचार्या बहनों ने बेरमो सीओ, थाना प्रभारी समेत जवानों को बांधी राखी



बेरमो /फुसरो। बेरमो अंचल कार्यालय व बेरमो थाना में एकल अभियान के फुसरो संच आचार्यो द्वारा रक्षाबंधन पर थाना परिसर में पुलिस के अधिकारियों सहित थाने के जवानों व चोकीदार को तिलक लगाकर और राखी बांधकर मिठाई खिलाकर रक्षा बंधन पर्व मनाया और रक्षा का संकल्प लिया। बेरमो सीओ संजीत कुमार सिंह व थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह के द्वारा सभी आचार्या दीदी को गिफ्ट दिया गया।

# केंद्रीय सलाहकार को विधानसभा क्षेत्र की सात हजार से अधिक बहनों ने बांधी राखी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत के विवाह मंडप भवन में रक्षाबंधन के अवसर पर भारत सरकार के केंद्रीय सलाहकार सह बिश्रामपुर के भाजपा युवा नेता रामशीष यादव को सात हजार से अधिक बहनों ने राखी बांधी। सबसे ज्यादा राखी बंधवाने का यह नया विश्व रिकार्ड माना जा रहा है। मालूम हो कि इससे पहले यह रिकार्ड बिहार के चर्चित शिक्षाविद खान सर के नाम था। उन्हें वर्ष 2023 में 6500 राखी बांधी गई थी। हालांकि अब यह रिकार्ड टूट चुका है और नया रिकार्ड सात हजार राखियों के साथ रामशीष यादव के नाम हो गया है।

बताते चलें कि सोमवार की सुबह से ही मंझिआंव स्थित नगर पंचायत के विवाह मंडप में रक्षाबंधन कार्यक्रम स्थल पर महिलाओं की भीड़ लग गई थी। बिश्रामपुर विधानसभा के 367 बूथ से महिलाएं अपने भाई रामाशीष यादव को राखी बांधने पहुंची थीं। प्रत्येक बूथ से 20 महिलाओं ने राखी बांधी है। इस हिसाब से 7,340 राखी सिर्फ बूथ कार्यकताओं ने उन्हें बांधी है। यह झारखंड का अब तक का सबसे बड़ा रक्षाबंधन हुआ है। जो ऐतेहासिक है। जबकि 20 महिलाओं का टारगेट रखा गया था लेकिन इससे भी अधिक संख्या में महिला पहुंची हुई थी। इस दौरान मुस्लिम समुदाय की बहनों ने भी राखी बांधी। उन्होंने कहा कि जात धर्म कुछ नहीं होता यह भाई और बहन का प्रेम है। उसे नाते हम सब अपने रामाशीष भैया को राखी बांधी हूं। मौके पर मुख्य रूप से कुसुम देवी, सुनीता देवी, अनीता देवी, किरण देवी, शोभा देवी, गीता देवी, ममता देवी, किस्मतीया देवी, बसंती देवी, सरिता देवी, देवंती देवी, सुमित्रा देवी, रीना देवी, सुषमा देवी, शोभा देवी, ललिता देवी, ज्ञानती देवी, किरण देवी, अंजू देवी, सरिता देवी आदि उपस्थित थी।


रामशीष यादव को राखी बांधती बहनें।

## बहनों ने चुनाव जिताने का लिया संकल्प

सात हजार से अधिक बहनों ने रामाशीष यादव के कलाई में राखी बांध कर उनकी लंबी आयु एवं स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर संयुक्त रूप से महिलाओं ने संकल्प लेते हुए कहा कि उन्हें सिर्फ अपने भाई रामाशीष यादव पर भरोसा है, जो उनकी रक्षा के साथ उनके बच्चों के भविष्य को उज्जवल करने की क्षमता रखता है। इसलिए इस बार उन्हें ही अपना विधायक बनायेंगी ताकि महिला सुरक्षा, महिला शिक्षा एवं नारी शक्ति का नया उदय हो सके। महिलाओं ने एक स्वर में कहा कि यदि पार्टी ने उन्हें चुनाव में प्रत्याशी नहीं भी बनाया तो सभी महिलाएं मिलकर रामाशीष भईया से आग्रह करके उन्हें चुनाव लड़ा कर उनकी जीत सुनिश्चित करेंगी। राखी बंधवाने के दौरान रामाशीष यादव भावुक हो गए। बहनों द्वारा मिले प्रगाड़ प्रेम से अभिभूत होकर उनकी अश्रु धारा फुट पड़ी। उन्होंने सभी बहनों को उपहार देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया एवं अंतिम सांस तक सभी बहनों की रक्षा करने का प्रण लिया। साथ ही कहा कि जितनी भी बहनों ने उनपर भरोसा किया है वह उनका भरोसा कभी टूटने नहीं देंगे। आखिरी सांस तक सभी बहनों की रक्षा करेंगे। रामाशीष यादव ने महिला सुरक्षा पर विशेष बल देते हुए कहा कि देश में महिला सुरक्षा की स्थिति दयनीय है। हर रोज महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराध की खबरें आ रही हैं। ऐसे में अपनी बहनों की सुरक्षा हेतु विशेष अभियान चलाऊँगा और यदि विधानसभा पहुंचा तो सरकार को महिला अपराध के खिलाफ कठोर कानून बनाने को मजबूर कर दूंगा।

## स्पीड न्यूज

### पुलिस ने दो चोर को किया गिरफ्तार


गिरफ्तार आरोपी।

धुरकी। धुरकी पुलिस ने थाना कांड संख्या 119/24 के प्राथमिकी अभियुक्त ग्राम शारदा निवासी मुकेश उरांव, और बुधन भुइयां को शारदा सरकारी स्कूल के पुराने बिल्डिंग के दरवाजा की चोरी करने आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि शारदा सरकारी स्कूल के बंद पड़े पुराना बिल्डिंग से उक्त चोरों ने स्कूल के दरवाजा को खोलकर टेंपू में लोड कर नगर की ओर बेचने के लिए ले जा रहे थे। जिसे स्थानीय लोगों ने देख लिया और पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया था। एक अन्य चोर शारदा निवासी दिवाकर पांडेय भागने में सफल रहा था। जिसकी तलाश पुलिस अभी कर रही है। जांच पड़ताल के बाद उक्त दोनों चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### किशोरी हत्याकांड का आरोपी संजय यादव समेत पांच गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के पारू थाना क्षेत्र में लालू छपरा गांव में अनुसूचित जाति की एक लड़की की निर्मम हत्या के मुख्य आरोपी संजय यादव उर्फ संजय राय समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार ने यहां बताया कि 12 अगस्त को लालू छपरागांव से एक नाबालिग छात्र का शव बरामद किया गया था। इस मामले में विशेष जाँच दल (एसआईटी) का गठन किया गया था। इस मामले के एक आरोपी मिथलेश राम को तीन दिन पूर्व गिरफ्तार किया गया था।

### पटना के रेलवे अस्पताल में लगी आग



**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के करबिगहिया स्थित रेलवे अस्पताल में सोमवार की सुबह आग लग गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि करबिगहया स्थित रेलवे अस्पताल में पहली मंजिल में अचानक आग लग गयी। आशंका जताई जा रही है कि शॉट सर्किट की वजह से आग लगी है।

## अग्रवाल परिवार ने जरूरतमंदों के बीच किया भोजन का वितरण




**गढ़वा।** अग्रवाल परिवार के तत्वावधान में शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन के समीप लगातार 48वें सप्ताह जरुरतमंदो के बीच भोजन का वितरण किया गया। इस दौरान 200 लोगों के बीच प्रसाद रूपी भोजन का वितरण किया गया। मौके पर पुरुषोत्तम अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल परिवार सदैव जरुरतमंदो और दीन हिनों की सेवा करता रहता है। हर्ष अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के आयोजन से खुद मे बहुत तशल्ली मिलती है। जरुरत मंद लोगो को भोजन कराकर उनका पेट भर कर बहुत ही आंनद की अनुभूति होती है। मौके पर आशुतोष अग्रवाल, विनय कश्यप, तेजस्व अग्रवाल आदि लोग उपस्थित थे।

## पुल नहीं होने से ग्रामीणों को हो रही है परेशानी

खबर मन्त्र संवाददाता


गुरही नाला पार करते ग्रामीण।

**रमना।** प्रखंड के गुरही नाला पर पुल की व्यवस्था नहीं होने से ग्रामीणों के साथ-साथ स्कूल जाने वाले परेशान हैं। ज्ञात हो कि धावरा दामर टोला के लोग मुश्किल से इस नाला को पार कर पंचायत और प्रखंड तक पहुंचते है। इतना ही नहीं दोनों तरफ से गम्हरिया पंचायत के धवरवा दामर टोला के लोग आज भी पहुंच पथ से कोसो दूर है। इस टोला के लोगों को 78 वर्ष पूर्व गुलामी से आजादी तो मिल गयी, लेकिन मौलिक अधिकारों से आज भी वंचित है, इस क्षेत्र के लोग आज भी सड़क व स्वास्थ्य सुविधा से वंचित है। राज्य सरकार और केंद्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए इस क्षेत्र के लोगो को गर्मी बरसात और ठंडा के मौसम में सड़क के अभाव में घोर कठिनाई का सामना करना पड़ता है। आजादी के 78वें वर्ष को पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। चारों तरफ देश भक्ति जय जयकारों और गीतों से लोग झूम रहे थे। वहीं रमना प्रखंड अन्तर्गत गम्हरिया पंचायत के एक क्षेत्र ऐसा भी है जो बरसात के मौसम में टापू बन जाता है, लोग पंचायत और प्रखंड पहुंचने के लिए सुंदर बांध और गुरही नाला को पार करना पड़ता है।

## बाइक सवारों को कस्तूरबा की छात्राओं ने बांधी राखी, पुलिस ने पहनाया हेलमेट

खबर मन्त्र संवाददाता


राखी बांधती छात्राएं।

**मेराल।** रक्षाबंधन के दिन एनएच 75 पर बिना हेलमेट सवारी करने वाले 50 बाइक सवारो को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने राखी बांध सड़क सुरक्षा को लेकर सचेत किया। वहीं पुलिस ने हेलमेट पहनाकर विदा किया। सोमवार को पुलिस अधीक्षक गढ़वा दीपक पांडेय के निर्देश पर सड़क सुरक्षा को लेकर अनूठा पहल करते हुए एसडीपीओ नीरज कुमार, डीएसपी चिरंजीवी मंडल, पुलिस निरीक्षक जितेंद्र कुमार तथा थाना प्रभारी विष्णु कांत ने 50 बाइक सवारों को हेलमेट पहनाया। वही हिदायत दी गई कि भविष्य में कभी भी बिना हेलमेट के बाइक नहीं चलाए। मौके पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने सभी को राखी बांधकर सुरक्षित यात्रा की कामना की। मौके पर एसडीपीओ के कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर यह जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। मेराल थाना पुलिस के पहल पर फ्लाई ओवर निर्माण कार्य करा रहे एमजी कंस्ट्रक्टर द्वारा हेलमेट की व्यवस्था की गई जिसे जरूरतमंद बाइक सवारों को निःशुल्क बनाया गया। मौके पर एमजीसीपीएल के हेड एडमिन जफर हसन, एसआई निरंजन पांडेय, प्रेम प्रकाश पांडेय, रवि कुमार, दीपक कुमार, एएसआई सवानंद महतो, उपेन्द्र सिंह, नितिश कुमार, समाजसेवी अजय प्रसाद गुप्ता, संजय भगत, दशरथ प्रसाद, विनोद प्रसाद, लक्ष्मी विश्वकर्मा सहित पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

## सीएम नीतीश ने वृक्ष को बांधा रक्षा सूत्र, किया पौधरोपण



एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को रक्षा बंधन एवं बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस पर पटना स्थित राजधानी वाटिका में 'बाम्बेक्स इपलीटिका' वृक्ष को रक्षा सूत्र बांधा। साथ ही 'डोरंडा' पौधे का रोपण भी किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 13 अगस्त, 2012 को रक्षा बंधन पर बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस का शुभारंभ किया था। इसका उद्देश्य है कि पर्यावरण के प्रति लोग जागरूक हों। जल-जीवन-हरियाली एवं अन्य योजनाओं के अन्तर्गत बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया जा रहा है। राज्य में इको टूरिज्म को भी बढ़ावा देने की दिशा में भी तेजी से काम आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार की योजनाओं एवं प्रयासों से राज्य के लोग पर्यावरण एवं जीव-जंतुओं के संरक्षण तथा पौधरोपण के प्रति जागरूक हो रहे हैं। इस अवसर पर सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, विजय कुमार चौधरी, मंत्री डॉ प्रेम कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## मुखिया पर योजना बेचने का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत के लाभुक आशा देवी पति शंभू साह ने उपायुक्त, उपविकास आयुक्त व अनमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर कहा है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में बिरसा सिंचाई कूप योजना के तहत मेरे नाम से कूप की स्वीकृति मिली थी। जिसका वर्क कोड 3497003003/आईएफ/7080902930539 ग्राम खोंहर में आशा देवी के खेत में बिरसा संवर्धन सिंचाई कूप निर्माण योजना है। उक्त योजना में कार्य आदेश देने के लिए मुखिया ललिता कुमारी द्वारा 40000 रुपया की मांग बार बार किया जा रहा था, लेकिन मैं नहीं दे पाई। जिसके चलते मुखिया, रोजगार सेवक, पंचायत सेवक की मिलीभगत से किसी और से बेच दिया गया। उन्होंने आवेदन में जिक्र किया है कि मजदूरी मद से 1,41,169 रूपया और सामग्री मद से 50,000 रूपया निकासी हो चुका है। जबकि मेरा जमीन पर खाता 57 प्लॉट 696 पर खुदाई ही नहीं हुआ है। इस संबंध में मुखिया पति मनोरंजन कुमार ने दूरभाष पर बताया कि सारा आरोप बेबुनियाद है। मेरे द्वार किसी तरह का कोई पैसा का मांग नहीं किया गया है। जबकि आशा देवी किसी और के नाम से कूप है और इनके द्वारा कहा जा रहा है मेरा है जो सरासर गलत है।

## पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष दिल्ली में विश्व मैथिल मंच द्वारा हुए सम्मानित

**अररिया।** नई दिल्ली के द्वारका स्थित बिहार सदन में अंतर्राष्ट्रीय संस्था विश्व मैथिल मंच की ओर से सोमवार को एक कार्यक्रम में अररिया जिला पत्रकार संघ के नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष राकेश कुमार भगत को सम्मानित किया गया। विश्व मैथिल मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष राधे श्याम मिश्रा ने मिथिला और मैथिल सभ्यता संस्कृति का प्रतीक पाग एवं फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर राष्ट्रवादी कवि विधु शेखर, गोपाल ठाकुर आदि मौजूद रहे। अररिया जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष के रूप में राकेश कुमार भगत के निर्वाचन पर संस्था के संरक्षक त्रिलोक नाथ झा, राष्ट्रीय संयोजक सह अध्यक्ष खुशबू पाठक, स्वस्ति झा, सचिव मनोज कुमार झा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीदेव झा उर्फ पोलो झा, राष्ट्रीय महासचिव प्रकाश नाथ मिश्रा, झारखंड के संयोजक सुबीर कुमार, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष इंद्रकांत ठाकुर, शिव शंकर झा, राजेश कुमार मिश्रा, संजय पाठक, करिश्मा झा ,मनीष पाठक आदि ने बधाई दी। उन्होंने भरोसा जताया कि पत्रकारिता के विभिन्न आयामों के साथ साथ सकारात्मक और रचनात्मक कार्यों को अबाध गति से आगे ले जाने का काम करेंगे।



## मदरसों में पढ़ाई जा रही किताब 'तालीम-उल-इस्लाम' में गैर-मुस्लिमों को काफिर बताया

एजेंसी

**पटना।** बिहार के मदरसों में पढ़ाई जा रही किताब 'तालीम-उल-इस्लाम' में गैर-मुस्लिमों को काफिर बताया गया है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने कहा, तालीम-उल-इस्लाम किताब को लेकर खूब चर्चा हो रही है। इसे किफायतुल्लाह साहब ने लिखा है। अभी बिहार के मदरसों में बच्चों को बड़े पैमाने पर पढ़ाया जा रहा है। इन मदरसों में गैर-हिंदुओं के भी दाखिला लेने की खबरें हैं। इस पुस्तक को बिहार राज्य मदरसा बोर्ड ने सलेक्ट किया है।

प्रियंका कानूनगो के मुताबिक जब आप वेबसाइट पर जाते हैं और इस लिंक को क्लिक करते हैं तब यह लिंक आपको पाकिस्तान में रीडायरेक्ट करता है और जब हम उसका अंग्रेजी अनुवाद पढ़ते हैं तो उसके पेज नंबर 20 और 22 में यह स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि जो लोग एक से ज्यादा भगवान को मानते हैं, वो काफिर हैं। बिहार सरकार ने भी माना है कि वहां मान्यता प्राप्त मदरसों में बड़े पैमाने पर हिंदू बच्चे भी पढ़ रहे हैं। इसमें हिंदू बच्चों को ये बताना कि वो एक से ज्यादा भगवान में विश्वास करेंगे तो काफिर कहलाएंगे, एकदम गलत बात है। ऐसे में बच्चों में मनोवैज्ञानिक रूप से गलत असर पड़ेगा। उनके विकास में बाधा उत्पन्न होगी। उनके अंदर एक हीन भावना का विकास होगा।




### मंत्री प्रेम कुमार ने कहा, जांच होनी चाहिए

बिहार सरकार में भाजपा के मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि देश के कई राज्यों में इस बात को लेकर चर्चा हुई है। ये देशहित में नहीं है। उन स्थानों (मदरसा) पर निश्चित तौर पर जांच होनी चाहिए। उनके गतिविधियों की जानकारी सरकार तक होनी चाहिए। यदि कोई सरकार विरोधी या राष्ट्र विरोधी काम कर रहा है तो हमारा मानना है कि ऐसे संस्थाओं की जांच होनी चाहिए। उन पर अंकुश लगनी चाहिए।

## खबर एक नजर में

### दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन एक सितम्बर को

**कांडी।** प्रखण्ड के खुटहेरिया पंचायत अंतर्गत महंत श्री रामचन्द्र पूरी +2 उच्च विद्यालय गरदाहा के खेल मैदान में एक सितम्बर दिन रविवार को दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जानकारी देते हुए आयोजन कमिटी के हेड अख्तर व मोहित ने बताया कि इस आयोजन के मुख्य अतिथि विश्रामपुर विधानसभा के भावी विधायक प्रत्याषी रजनीश रंजन दुबे उर्फ विकास दुबे हैं। उन्होंने बताया कि इस दौड़ प्रतियोगिता में 24 मिनट में 5 किलोमीटर दौड़ पूरा करना है। जिसके लिए निबंधन शुल्क 100 रुपया रखा गया है। प्रथम पुरस्कार 3100, दूसरा 2100 व तीसरा पुरस्कार 1100 रुपए रखा गया है। दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए या अन्य कोई जानकारी के लिए फोन नम्बर 7488108346 व 7858953814 पर संपर्क किया जा सकता है।

### पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री का फूंका पुतला



**नवादा।** जिले के अकबरपुर में सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने आक्रोश मार्च निकालकर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक शिव नारायण, जिला संयोजक रवि कुमार, सिद्धार्थ कुमार, आदित्य कुमार अकबरपुर के नगर मंत्री, रणवीर कुमार, लव कुश प्रताप यादव, कुंदन यादव, सुबोध यादव आदि छात्रों ने उग्र प्रदर्शन करते हुए कहा कि दोषियों को बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बचाना चाहती है। और इसी के विरोध में हम लोगों ने आज बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया है। आरोपियों को तुरंत फांसी दी जाए नहीं तो आने वाला समय में एक और बड़ा आंदोलन किया जाएगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के के सदस्यों द्वारा पहले बाजार में ममता बनर्जी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुएपुतला दहन किया गया है।जहां विभाग के संयोजक शिवनारायण ने कहा कि बंगाल में लड़कियों सुरक्षित नहीं है ना ही महिला सुरक्षित है। इस कोलकात्ता कांड का देश भर में विरोध हो रहा है। जिसके बाद आज सुप्रीम कोर्ट ने इस पूरी घटना पर स्वतः संज्ञान लिया है। मामले में मंगलवार को चीफ जस्टिस के कोर्ट में सुनवाई होगी।

### कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ हुई हैवानियत को ले रेलवे अस्पताल ने किया विरोध प्रदर्शन



**कटिहार।** कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ हुई हैवानियत के खिलाफ सोमवार को कटिहार रेलवे अस्पताल के डॉक्टर एवं पारा मेडिकल कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों का नेतृत्व रेलवे अस्पताल के एसीएमएस प्रशासन डॉक्टर दयानंद सिंह और वरीय एसीएमएस डॉक्टर पवन कुमार ने की। सभी डॉक्टरों ने रेलवे कॉलोनी में पैदल मार्च निकाला कर सरकार से इंसाफ की गुहार लगाई। विरोध मार्च में शामिल सभी डॉक्टर हाथों में काला बिल्ला तथा पोस्टर बैनर लिए हुए थे। इस अवसर पर डॉ. पवन कुमार ने कहा कि डॉक्टरों की सुरक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। परंतु इस दिशा में कोई कड़ी कानून व्यवस्था लागू करने की बजाय सरकार द्वारा सिर्फ आश्वासन दिया गया है। हर बार डॉक्टर हिंसा का शिकार होते हैं। डॉक्टर डी एन सिंह ने कहा कि आखिर दोषियों के ऊपर कब कारवाई होगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल के अंदर जब डॉक्टर ही सुरक्षित नहीं है तो आम नागरिक कैसे सुरक्षित होंगे। प्रदर्शन कर रहे सभी डॉक्टर ने कहा कि उनकी मांगें माने जाने तक प्रदर्शन जारी रखने का फैसला लिया गया है। इस मौके पर रेलवे अस्पताल के डॉक्टर पवन कुमार के साथ डॉक्टर डीएन सिंह, डॉक्टर सोरौव कुमार, डॉक्टर अजय कुमार, डॉक्टर गौरव, डॉक्टर आर मीणा, डॉक्टर ए दास सहित कई पारा मेडिकल स्टाफ मौजूद थे।

### पर्वत पुरुष बाबा दशरथ मांझी से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिये : जीतनराम मांझी



**गया।** केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा कि पर्वत पुरुष बाबा दशरथ मांझी से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिये। गया शहर के एक निजी होटल में पर्वत पुरुष बाबा दशरथ मांझी उत्थान सेवा समिति के तत्वाधान में 17वीं पुण्यतिथि कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी, बिहार के लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार, विधायक अनिल कुमार सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। सर्वप्रथम पर्वत पुरुष बाबा दशरथ मांझी के चित्र पर लोगों ने श्रद्धा सुमन व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी।

### गया में पेड़ों को राखी बांध कर मनाया गया रक्षा बंधन का त्योहार

**गया।** बिहार के गया शहर में 'हमारा पेड़ हमारा पर्यावरण अभियान' के सदस्यों ने अनूठा पहल की है, जिसमें पेड़ों को राखी बांध कर रक्षा बंधन त्योहार मनाया गया है। हमारा पेड़ हमारा पर्यावरण अभियान कार्यक्रम में स्कूली बच्चे और गणमान्य लोगों ने भाग लिया। गया ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) में कार्यरत वीर जवानों को भी राखी बांधी गयी और उन्हें मिठाई खिलाकर उनकी लंबी उम्र की कामना की गई।हमारा पेड़ हमारा पर्यावरण अभियान मॉर्निंग वॉकर लोगों का ग्रुप है, जिनके द्वारा ब्रह्मयोनि पहाड़ में हजारों पेड़ लगाए गए हैं। इनके द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

### सावन की अंतिम सोमवारी को लेकर हजारों कांवरिया ने गंगा में लगाई डुबकी



**भागलपुर।** सावन की अंतिम सोमवारी को लेकर आज काफी संख्या में कांवरियों ने अजगैबीनाथ के उत्तरवाहिनी गंगा में डुबकी लगाई। हर हर महादेव के नारों के साथ अजगैबीनाथ धाम गुंजयमान हो गया। उल्लेखनीय हो कि आज सावन का अंतिम सोमवार साथ ही रक्षाबंधन का भी त्योहार होने पर लोगों ने अपने अपने घरों में एवं शिव मंदिरों में पूजा पाठ करते हुए बहनों ने अपने अपने भाईयों के कलाई पर राखी बांधी। दूसरी तरफ शिव भक्तों ने शिव मंदिरों में पूजा किया। साथ ही हजारों कांवरिया ने अजगैबीनाथ के उतर्तरवाहिनी गंगा में डुबकी लगाकर पूजा पाठ करते हुए बाबा भोलेनाथ के शिवालय में गंगा जल चढाते हुए पैदल और वाहन से बैद्यनाथ धाम में बाबा भोलेनाथ को जल चढाने के लिए निकल पड़े हैं। इसको लेकर गंगा घाट, शहर एवं कांवरिया पथ पर जिला प्रशासन के निर्देश पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। नगर परिषद के द्वारा भी साफ सफाई अभियान चलाया जा रहा है। सीओ, बीडीओ के द्वारा भी गौगा घाट में एसडीआर एफ टीम को लगाते हुए मोनिटरिंग किया जा रहा है।

